आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक- एफ 7 (4) अकाद/निकाशि/OAP/2019/ 1637 दिनांक- 23.5.2019

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान

विषय : सत्र 2019-20 के लिए स्नातक ऑनलाइन प्रवेश कार्यक्रम एवं
1 जुलाई 2019 से शिक्षण कार्य प्रारम्भ करने बाबत

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि संलग्न कार्यक्रमानुसार महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जानी है । विद्यार्थी हित में प्रथम बार स्नातक पार्ट-II व पार्ट-III के लिए ई-मित्र पर प्रवेश शुल्क जमा करवाने की सुविधा के साथ प्रवेश नवीनीकरण प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है । इसे दृष्टिगत रखते हुए स्नातक पार्ट-I हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के प्रचार प्रसार के साथ ही नवीनीकरण प्रक्रिया का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जावे, **जिससे महाविद्यालय में दिनांक 1 जुलाई 2019 से शिक्षण कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित किया जा सके।**

(प्रदीप कुमार बोरड, IAS)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव (उच्च शिक्षा)

प्रतिलिप:-

1. **वेब प्रभारी विभागीय वेबसाइट पर उपलोड हेतु**

23/5/2019
संयुक्त निदेशक

शैक्षणिक सत्र 2019–20

ऑनलाईन प्रवेश कार्यक्रम – स्नातक पार्ट प्रथम

क्र. सं.	विवरण	वार एवं तिथि	
1.	**ऑन लाईन आवेदन–पत्र भरना प्रारम्भ होने की तिथि**	**शनिवार**	**01.06.2019**
2.	**आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि**	**शनिवार**	**15.06.2019**
3.	महाविद्यालय द्वारा आवेदन पत्रों के ऑनलाईन सत्यापन की अन्तिम तिथि	सोमवार	17.06.2019
4.	(अ) अन्तरिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन (ब) अभ्यर्थियों द्वारा मूल प्रमाण पत्रों की जांच करवाने की अन्तिम तिथि (स) अभ्यर्थियों द्वारा ई–मित्र पर शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि	मंगलवार सोमवार मंगलवार	18.06.2019 24.06.2019 25.06.2019
5.	**प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन**	**बुधवार**	**26.06.2019**
6.	प्रवेशित विद्यार्थियों का वर्ग निर्धारण एवं विषय आवंटन	शनिवार तक	29.06.2019
7.	**महाविद्यालय में शिक्षण कार्य प्रारम्भ**	**सोमवार**	**01.07.2019**
	श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिए पुनः ऑनलाईन प्रवेश कार्यक्रम		
8.	श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	बुधवार	26.06.2019
9.	श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि	मंगलवार	02.07.2019
10.	प्राप्त आवेदन पत्रों के ऑनलाईन सत्यापन की अन्तिम तिथि	बुधवार	03.07.2019
11.	(अ) रिक्त स्थानों के लिए अन्तरिम प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन (ब) अभ्यर्थियों द्वारा मूल प्रमाण–पत्रों की जांच करवाने की अन्तिम तिथि (स) अभ्यर्थियों द्वारा ई–मित्र कियोस्क पर शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि	गुरूवार सोमवार मंगलवार	04.07.2019 08.07.2019 09.07.2019
12.	**प्रवेशित अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन**	**बुधवार**	**10.07.2019**
13	**नव प्रवेशित विद्यार्थियों का वर्ग निर्धारण एवं विषय आवंटन**	**गुरूवार**	**11.07.2019**

स्नातक पार्ट-II व पार्ट-III में ऑनलाइन प्रवेश नवीनीकरण कार्यक्रम

क्रम संख्या	विवरण	वार एवं तिथि
1.	महाविद्यालय में सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए आय प्रमाण पत्र व OBC/MBC वर्ग के छात्रों के लिए Non Creamy Layer प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की अवधि	27 मई 2019 से 7 जून 2019
2.	ई-मित्र पर प्रवेश शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि	26 जून 2019
3.	प्रवेश शुल्क जमा कराने वाले विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन	27 जून 2019
4.	**शिक्षण कार्य प्रारम्भ**	**1 जुलाई 2019**

विशेष निर्देश :

1. सत्र 2018-19 के स्नातक पार्ट-I व पार्ट-II के नियमित/पूर्व (Ex) विद्यार्थी को अगली कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन नहीं भरना है।
2. सत्र 2019-20 के लिए सामान्य वर्ग के छात्रों को परिवार का आय प्रमाण पत्र व OBC/MBC वर्ग के विद्यार्थियों को Non-Creamy Layer का प्रमाण पत्र दिनांक 7 जून 2019 तक अपने महाविद्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निर्धारित अवधि में यदि वांछित प्रमाण पत्र विद्यार्थी प्रस्तुत नहीं करता है तो उसे सामान्य आयकर दाता की श्रेणी का शुल्क जमा कराना होगा।
3. स्नातक पार्ट-II व पार्ट-III में प्रवेश नवीनीकरण के लिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होने पर भी दिनांक 28 जून 2019 तक ई-मित्र पर प्रवेश शुल्क जमा कराना है।
4. **समस्त विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु 1 जुलाई 2019 से नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होना है, उपस्थिति की गणना 1 जुलाई 2019 से होगी।**
5. विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम में अनुत्तीर्ण घोषित होने पर विद्यार्थी का प्रवेश शुल्क लौटाया जाएगा तथा अस्थायी प्रवेश निरस्त किया जाएगा।

<u>आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर</u>

क्रमांक- एफ 7 (4) अकाद/निकाशि/OAP/2019/ 1641 दिनांक- 24.05.2019

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान

विषय : स्नातक पार्ट-II व पार्ट-III ऑनलाइन प्रवेश कार्यक्रम
सन्दर्भ: क्रमांक- एफ 7 (4) अकाद/निकाशि/OAP/2019/1637, दिनांक 23.5.19

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित आदेश में संलग्न स्नातक पार्ट-II व पार्ट-III ऑनलाइन प्रवेश कार्यक्रम में विशेष निर्देश के "बिंदु संख्या 3" पर "28,जून 2019" के स्थान पर "26 जून 2019" पढ़ा जावे।

24/5/2019
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

प्रतिलिपि:-

1. **वेब प्रभारी विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु**

24/5/2019
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)